This question paper contains 8+4 printed pages]

आपका अनुक्रमांक ..................................

4420

B.A. (Programme)/I G-II

HINDI LANGUAGE (B)—Paper I (A-136)

हिंदी भाषा (ख)—प्रश्नपत्र I (A-136)

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 100

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

**टिप्पणी** : प्रश्नपत्र पर अंकित पूर्णांक SOL/NCWEB/Non-formal Cell कॉलेजों के विद्यार्थियों के संबंध में उनके परिणाम के संकलन के लिए नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, उनके आनुपातिक रूप में कम होंगे ।

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं । किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10+10=20

(क) जिस पद पर आप आरूढ़ हुए, वह आपका मौरुसी नहीं ............ नदी-नाव संयोग की भाँति है । आगे भी

P.T.O.

कुछ आशा नहीं कि इस बार छोड़ने के बाद आपका इससे कुछ सम्बन्ध रहे । किन्तु जितने दिन आपके हाथ में शक्ति है, उतने दिन कुछ करने की शक्ति भी है । जो कुछ आपने दिल्ली आदि में कर दिखाया उसमें आपका कुछ भी न था, पर वह सब कर दिखाने की शक्ति आप में थी । इस देश की प्रजा के हृदय में कोई स्मृति-मन्दिर बना जाने की शक्ति आप में है । पर यह सब तब हो सकता है कि वैसी स्मृति की कुछ कदर आपके हृदय में भी हो ।

(*i*) इस गद्यांश के पाठ और रचनाकार का नाम लिखिए ।

(*ii*) स्मृति मंदिर से लेखक का क्या तात्पर्य है ?

(*iii*) क्या करने के लिए लेखक कह रहा है ?

(*iv*) किस तरह की स्मृति की उम्मीद लेखक कर रहा है ?

(ख) राष्ट्र के लिए सिपाही युद्ध करता है, पर कवि ? वह केवल कविता लिखता है और एक बूढ़ा, युद्ध

से दूर पड़ा अपाहिज ? वह केवल शुभकामना करता है । राष्ट्र के जीवन-यंत्र के ये सब पुरजे समान महत्त्व के हैं । पिछली लड़ाई के दिनों आधे संसार में जो 'वी' का आंदोलन चला था, वह क्या है ? कोई अपने कोर्ट पर 'वी' लगाए या 'सतिया', रणभूमि में लड़ते सिपाहियों को उससे मतलब ? मतलब है और बड़ा भारी मतलब है और इस मतलब में ही तो छिपा है : शुभकामना का महत्त्व ।

(*i*) पाठ का शीर्षक एवं इसके रचनाकार का नाम लिखिए ।

(*ii*) जीवन-यंत्र के पुरजे क्या हैं ? और इनका क्या महत्त्व है ?

(*iii*) जीवन में शुभकामना का क्या महत्त्व है ?

(*iv*) सिपाही का राष्ट्र के प्रति क्या कर्त्तव्य है ?

(ग) हमारे जिंदा रहने से कहीं विद्रोह नहीं हो चला था । अब तक क्रांतिकारियों के लिए किसी ने इतनी

भारी सिफारिश नहीं की थी, लेकिन सरकार को इससे क्या ? उसे अपनी ताकत पर नाज है, अपने बल पर अहंकार है । सर विलियम मौरिस ने स्वयं शाहजहाँपुर और इलाहाबाद के दंगों में मौत की सजा पाने वालों की मौत की सजाएँ माफ की थीं, जबकि वहाँ रोज दंगे होते थे । यदि हमारी सजा कम करने से औरों की हिम्मत बढ़ती है तो यही बात सांप्रदायिक दंगों संबंधी भी कही जा सकती है । लेकिन यहाँ मामला ही कुछ और था ।

(*i*) इस गद्यांश के पाठ और रचनाकार का नाम लिखिए ।

(*ii*) किसके जिन्दा रहने की सिफारिश की जा रही है ?

(*iii*) सर विलियम मौरिस ने कहाँ के क्रांतिकारियों को माफ कर दिया था ?

(*iv*) 'लेकिन यहाँ मामला ही कुछ और था'—आशय स्पष्ट कीजिए ।

2. किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10

(i) हजारी प्रसाद द्विवेदी कुटज की प्रशंसा क्यों करते हैं ? (कुटज)

(ii) योगी के शिव संकल्प का हमारे जीवन में क्या महत्त्व है ? (शुभकामना : एक जीवन तत्व)

(iii) गोरे लोगों का भारतीय लोगों को बर्बर कहना अनुचित है ? इस मत की पुष्टि कीजिए ।

(बर्बरता और संस्कृति)

(iv) लेखक की दृष्टि में जनशिक्षा का क्या रूप होना चाहिए ?

(जन शिक्षा)

(v) केवट की लकड़ी को किस बात के लिए सम्मानित किया गया ? (फिर उसी नर्मदा मैया की जय)

(vi) 'अनुताप', 'पश्चाताप' शब्द से क्या अभिप्राय है ? स्पष्ट कीजिए । (अनुताप की महिमा)

(vii) आज ईश्वर की विश्वसनीयता क्यों कम हुई है ?

(नैतिकता का स्रोत)

3. 'परख' उपन्यास के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 15

(*i*) कट्टो का नाम किसने रखा और क्यों ?

(*ii*) सत्यधन ने वकालत न करने का फैसला क्यों लिया ?

(*iii*) 'परख' शीर्षक की सार्थकता पर विचार कीजिए ।

(*iv*) कट्टो में अदम्य साहस और त्याग की भावना है । स्पष्ट कीजिए ।

(*v*) सत्य कट्टो का विवाह बिहारी से क्यों करवाना चाहता है ?

(*vi*) 'परख' उपन्यास के नायक का नाम बताइए तथा स्पष्ट कीजिए कि वह किन लेखकों एवं चिंतकों से प्रभावित था ?

(*vii*) अंतिम समय में बिहारी के पिता की सेवा किसने और कैसे की ?

**अथवा**

'दस तसवीरें' पुस्तक के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(*i*) अनंत सदाशिव अल्टेकर ने कोई भी पुस्तक विदेश में क्यों नहीं छपवाई ?

(व्यवहार कुशल और संवेदनशील पंडित अनंत सदाशिव अल्टेकर)

(*ii*) 'लार्ड के व्यक्तित्व में विरोधी प्रवृत्तियों का समावेश था ।' लेखक ने ऐसा क्यों कहा ?

(अफसर जो विलक्षण था : पुरुषोत्तम मंगेश लार्ड)

(*iii*) राष्ट्रीय रंगमंच के विषय में शिशिर भादुड़ी के विचार स्पष्ट कीजिए । (मतवाला कलाकार : शिशिर भादुड़ी)

(*iv*) म्योर होस्टल को 'सिसी होस्टल' क्यों कहा जाता था ? (जीवन निर्माता अध्यापक : अमरनाथ झा)

(*v*) सुधीन्द्र बाबू ने जीविका–निर्वाह के लिए साहित्य को एकमात्र साधन क्यों बनाया ?

(द्रष्टा, कर्ता और कवि : सुधीन्द्र दत्त)

(*vi*) पिता जी ने अध्यापकीय जीवन को क्यों महत्त्व दिया ? (मेरे पिता : लक्ष्मीनारायण माथुर)

(*vii*) पीयर्स के विचार में शिक्षक शब्द कैसे सार्थक बनता है ? (आस्थावान अंग्रेज शिक्षक : एफ.जी. पीयर्स)

4. (क) किसी **एक** का पल्लवन कीजिए : 5

(*i*) दूध का जला छाछ को भी फूंक-फूंककर पीता है;

(*ii*) सुनिए सबकी, करिए मन की;

(*iii*) अधजल गगरी छलकत जाए ।

(ख) निम्नलिखित अनुच्छेद का शीर्षक बताते हुए संक्षेपण कीजिए : 5

आज की नारी पर आर्थिक सहयोग के लिए नौकरी की और घर के लिए पत्नी, गृहिणी तथा माता जैसी कई महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ एक साथ आ पड़ी हैं । व्यक्तित्व-विभाजन के इन्हीं विविध कारणों से यह अपनी खीझ बच्चों पर तथा पति पर उतारती है ।

इन विविध भूमिकाओं के निर्वाह में अपने सभी सुखों की बलि देती चली जाती है । किन्तु नौकरी के बाद का समय पति और बच्चों को अर्पित करते हुए वह थकान तथा तनाव के बावजूद आनन्द प्राप्त एवं प्रदान करती है । जबकि पश्चिम का अंधानुकरण करते हुए क्लबों में जाने वाली स्त्रियाँ इस आनन्द से सदैव वंचित रहती हैं । आज टूटते परिवेश तथा पारिवारिक ढाँचे को संभालने के लिए नारी का कर्त्तव्य बढ़ गया है । राष्ट्र को, समाज को तथा परिवार को आवश्यकता है ऐसी नारी की जो संतुलित दृष्टिकोण तथा व्यवहार कौशल में अपनी सार्थक भूमिका निभा सके ।

**अथवा**

पत्र-पत्रिकाओं की हिंदी की विशेषताएँ लिखिए ।

5. किसी **एक** विषय पर विचार प्रस्तुत कीजिए : 8

(*i*) अनुशासन का महत्व

(*ii*) कॉलेज का वार्षिकोत्सव

(*iii*) जहाँ चाह वहाँ राह ।

6. किसी **एक** स्थिति/घटना का चित्रण कीजिए : 7

(i) गंगा की स्वच्छता

(ii) प्रातः भ्रमण ।

7. (क) कोश की परिभाषा देते हुए उसके **दो** प्रकारों का संक्षिप्त परिचय दीजिए । 5

(ख) निम्नलिखित शब्दों को हिंदी शब्दकोश में प्रविष्टि के लिए वर्णक्रमानुसार लिखिए : 5

वैयक्तिक, सुख, हास्य, विचित्र, रहस्य, कलेवर, हरियाली, प्रसंग, न्यायालय, आस्था ।

8. (क) कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार किन्हीं **चार** वाक्यों का रूपांतरण कीजिए : 4

(i) राम, पिताजी को देखकर भाग गया ।

(संयुक्त वाक्य)

(ii) मैंने एक घड़ी खरीदी जो बैटरी से चलती है । (सरल वाक्य)

(iii) मैंने एक बहुत विचित्र व्यक्ति को देखा ।

(मिश्र वाक्य)

(*iv*) जब बारिश होती है तब फूल खिलते हैं ।

(सरल वाक्य)

(*v*) मुझे खाना बनाना आता है ।

(निषेधात्मक वाक्य)

(*vi*) वह कार आपकी है । (प्रश्नवाचक वाक्य)

(ख) निम्नलिखित का वाच्य-परिवर्तन कीजिए : 4

(*i*) रमेश ने खीर बनाई । (कर्मवाच्य)

(*ii*) मैं चैन की नींद सोया । (भाववाच्य)

(*iii*) मीना से पढ़ा नहीं जाता । (कर्तृवाच्य)

(*iv*) विकास दौड़ता है । (भाववाच्य)

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** के विलोम शब्द लिखिए : 4

नीरस, विजय, आशा, उपयोगी, विकसित, सम्मान, साक्षर, नकद ।

(घ) निम्नलिखित सामासिक शब्दों को स्पष्ट कीजिए :4

(i) पंचानन

(ii) नीलकमल

(iii) दिन-रात

(iv) प्रतिदिन ।

(ङ) निम्नलिखित **चार** शब्दों के **दो-दो** पर्यायवाची लिखिए : 4

नयन, चन्द्रमा, धरा, सूर्य, कमल, तालाब, राजा, पृथ्वी ।